दैनिक प्रातः कालीन हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 14 मुरादाबाद, 04 May 2023 (Thursday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड





## कर्नाटक में बीजेपी की नैया पार लगाएंगे हनुमान? पीएम मोदी बोले- बजरंग बली की जय



पीएम मोदी कर्नाटक विधानसभा चुनाव को लेकर लगातार रैलियां कर रहे हैं। मोदी ने बुधवार को मुदबिदरी में एक रैली की। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए जय बजरंग बली का नारा लगाया।मिशन कर्नाटक की जंग में फतह के लिए उतरी बीजेपी ने अपना चुनाव प्रचार और तेज कर दिया है। पीएम मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा समेत तमाम बड़े नेता लगातार कर्नाटक में रैलियां कर माहौल बना रहे हैं। इसी बीच, मोदी ने बुधवार को कर्नाटक में रैलियां की। मोदी कई मुद्दों को लेकर अपने विरोधियों पर निशाना साध रहे हैं। मोदी ने कांग्रेस द्वारा बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने के दावे को लेकर भी कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है।

### बजरंग बली की जय: मोदी

पीएम मोदी ने बुधवार को मुदबिदरी में एक जनसभा की। इस दौरान उन्होंने भारत माता की जय और बजरंग बली की जय% का नारा लगाया। मोदी ने कहा कि मैं शान्ति और सद्भावना का सन्देश देने वाले सभी मठों, तीर्थंकरों और संतों को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। आज जिस सबका साथ और सबका विकास का मंत्र लेकर हम आगे बढ़ रहे हैं उसमें सभी संतों की ही प्रेरणा है।

### कर्नाटक को नंबर-1 बनाना है

मोदी ने आगे कहा, इस देश के 140 करोड़ लोग ही हमारा रिमोट कंट्रोल हैं। 10 मई को मतदान का दिन है। बीजेपी का संकल्प है कर्नाटक को नंबर-1 बनाना है। बीजेपी का संकल्प है कर्नाटक में आधुनिक इंफास्ट्रक्चर का निर्माण करना। बीजेपी का संकल्प है कर्नाटक को मैन्युफेक्चरिंग में सुपर पावर बनाना।

### कर्नाटक को एटीएम बनाना चाहती है कांग्रेस

मोदी ने आगे कहा कि हमारा प्रयास है कि कर्नाटक औद्योगिक विकास में नंबर-1 बने, हमारी कोशिश है कि कर्नाटक कृषि विकास में नंबर-1 बने, हमारा लक्ष्य है कि कर्नाटक स्वास्थ्य और शिक्षा में नंबर-1 बने। कांग्रेस क्या चाहती है? कांग्रेस कर्नाटक को... दिल्ली में जो उनका शाही परिवार बैठा है, उस परिवार का नंबर-1 एटीएम बनाना चाहती है। ये हमारा रोड मैप है, जबकि कांग्रेस आपका वोट इसलिए चाहती है क्योंकि वो बीजेपी की योजनाओं को, यहां के लोगों के विकास के लिए हुए कामों को पलटना चाहती है।

### कांग्रेस शांति की दुश्मन

मोदी ने कांग्रेस पर अपना हमला जारी रखा। मोदी ने ये भी कहा कि जो जीवन में पहली बार वोट देने जा रहे हैं वो कर्नाटक का भविष्य तय करने जा रहे हैं। पहली बार वोट देने जाने वाले मेरे बेटे-बेटियों आपको अगर अपना करियर बनाना है, अपने मन का काम करना है तो यह कांग्रेस के रहते संभव नहीं होगा। कर्नाटक में अगर अस्थिरता रही तो आपका भाग्य भी अस्थिर रहेगा। कांग्रेस कर्नाटक में शांति की दुश्मन है, विकास की दुश्मन है। कांग्रेस आतंक के आकाओं को बचाती है, तुष्टिकरण को बढ़ाती है।

### बांटो और राज करो पर आधारित कांग्रेस की राजनीति

उन्होंने कहा कि देश में जहां भी लोग शान्ति और प्रगति चाहते हैं वो सबसे पहले अपने राज्य से कांग्रेस को बाहर कर देते हैं। अगर समाज में शान्ति है तो कांग्रेस शांत नहीं बैठ पाती, अगर देश प्रगति करता है तो कांग्रेस इसे बर्दाश्त नहीं कर पाती। कांग्रेस की पूरी राजनीति बांटो और राज करो पर आधारित है। कर्नाटक के लोगों ने खुद कांग्रेस का ये खौफनाक चेहरा देखा है। पूरा देश हमारे सैनिकों का आदर करता है, उनका सम्मान करता है जबकि कांग्रेस हमारी सेना का अपमान करती है, हमारे सैनिकों का अपमान करती है। आज पूरी दुनिया भारत में डेमोक्रेसी और डेवलपमेंट को देख कर उसे सम्मान दे रही है, लेकिन रिवर्स गियर कांग्रेस दुनिया भर में घूम-घूम कर देश को बदनाम कर रही है।

## भारत की सजीव लोकतंत्र की छवि खराब होने से बचाना होगा, बोले उपराष्ट्रपति धनखड




धनखड़ ने छात्रों, मीडिया और वहां मौजूद सभी को देश के राजदूत की तरह काम करने की अपील की। साथ ही उन्होंने राष्ट्रवाद में विश्वास रखने और इस कहानी को यहीं खत्म करने के लिए कहा। डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय के 21वां दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को कहा कि भारत एक जीवंत लोकतंत्र देश है और इसक छवि को धूमिल या कलंकित करने का हक किसी का नहीं है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग देश के बाहर विभिन्न आरोपों के माध्यम से देश की छवि को खराब करते हैं। देश में लोगों को उनके अधिकार नहीं मिलते हैं जैसी झूठी अफवाहें फैलाते हैं।

### धनखड़ ने बिना नाम लिए राहुल गांधी पर साधा निशाना

बता दें कि कुछ दिन पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी लंदन में एक कार्यक्रम के दौरान कहा था कि संसद में भाजपा अन्य नेताओं के माइक बंद कर देती है। उन्हें बोलने का मौका नहीं दिया जाता है। इसके अलावा आरएसएस पर भी निशाना साधते हुए कहा था कि देश में इस संगठन की वजह से लोकतांत्रिक प्रक्रिया की प्रकृति पूरी तरह से बदल गई है। उन्होंने यह बी आरोप लगाया था कि नोटबंदी, जीएसटी और चीन का भारत में घुसने का प्रयास करना जैसे गंभीर मुद्दों पर हमें बात करने की अनुमति नहीं दी जाती है। बिना किसी के नाम लिए धनखड़ ने कहा- जब स कुछ सही चल रहा है, तो हमारे लोकतंत्र की निंदा क्यों? देश के बाहर और अंदर भी यह बात करते हैं कि हमारे पास लोकतांत्रिक मूल्य नहीं हैं। मैं बिना डरे भरोसे के साथ कह सकता हूं कि आज की तारीख में भारत दुनिया का सबसे जीवंत कार्यात्मक लोकतांत्रिक देश है।

### देश के राजदूत की तरह काम करें- धनखड़

धनखड़ ने छात्रों, मीडिया और वहां मौजूद सभी को देश के राजदूत की तरह काम करने की अपील की। साथ ही उन्होंने राष्ट्रवाद में विश्वास रखने और इस कहानी को यहीं खत्म करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी कहानी है जिसका कोई तथ्यात्मक आधार नहीं है और हम उन लोगों का बिलकुल भी समर्थन नहीं करते हैं जो देश की छवि को कलंकित करता हो। उपराष्ट्रपति ने यह भी कहा कि देश का संसद बातचीत, चर्चा और बहस का स्थान है, न कि व्यवधान और अशांति का।

## आजमगढ़ के मंच से CM Yogi की हुंकार: विपक्ष पर प्रहार, कहा- लोगों ने युवाओं को तमंचा दिया, और हमने दिए टेबलेट



आजमगढ़ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश व प्रदेश में डबल इंजन की सरकार चल रही है। जिसके चलते देश व प्रदेश का विकास दो गुनी रफ्तार में हो रहा है। वहीं अब इस डबल इंजन की सरकार में तीसरा इंजन भी जुड़ जाए तो विकास की रफ्तार तीन गुनी से पांच गुनी तक हो जाएगी।नगर निकाय चुनाव के तहत भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को शहर के श्रीकृष्ण पाठशाला इंटर कालेज में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। सीएम का उड़न खटोला निर्धारित समय से लगभग एक घंटे देर से हेलेपैड पर उतरा। मंच से संबोधन शुरू करते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश व प्रदेश में डबल इंजन की सरकार चल रही है। जिसके चलते देश व प्रदेश का विकास दो गुनी रफ्तार में हो रहा है। वहीं अब इस डबल इंजन की सरकार में तीसरा इंजन भी जुड़ जाए तो विकास की रफ्तार तीन गुनी से पांच गुनी तक हो जाएगी। उन्होंने जनपद की धरती को नमन करते हुए कहा कि हमारा आजमगढ़ दुनिया के अंदर कभी अपने ओज व तेज के लिए जाना जाता था। देश की आजादी में भी इस जिले का अहम योगदान रहा है। आजादी के बाद जिन भी लोगों के हाथो में सत्ता आयी, उन लोगों ने इस जिले व यहां के लोगों का सिर्फ दोहन किया। युवाओं के हाथों में तमंचा पकड़ाने का काम किया। उन्होंने कहा कि एक वक्त ऐसा भी आया जब यहां के लोगों के माथे पर पहचान का संकट खड़ा हो गया। हमारी सरकार ने पहचान के संकट को मिटाने का काम किया। आज आजमगढ़ से लखनऊ पहुंचने में अधिकतम तीन घंटे लगते है इसके पीछे कारण पूर्वांचल एक्सप्रेस वे का निर्माण है। जिले को हमने विश्वविद्यालय भी दिया है, जल्द ही इसके प्रशासनिक भवन का कार्य पूर्ण हो जाएगा। एक कलाकार यहां से सांसद है और यहां का गांव हरिहरपुर कलाकारों का गांव है। ऐसे में सांसद की मांग पर हरिहरपुर में संगीत महाविद्यालय का शिलान्यास किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज देश ही नहीं दुनिया में संकट मोचक के रूप में जाने जाते है। सूडान में फंसे लोगों को अपनी रणनीति के दम पर प्रधानमंत्री से अपने लोगों को बाहर निकाल लिया। नौ वर्ष में करोड़ो लोगों को रोजगार, शौचालय दिया। 50 करोड़ लोगों को आयुष्मान योजना के तहत लाभान्वित किया। 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन दिया। हम जाति धर्म नहीं सभी के विकास की सोच रखने वाले है। तुष्टिकरण किसी का भी नहीं करते है। हमने युवाओं के हाथों में तमंचा नहीं बल्कि टेबलेट दिया। सड़कों का जाल बिछाया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री भी अब यदि आजमगढ़ आएंगे तो इसे पहचान नहीं सकेंगे। डबल इंजन की सरकार ने डबल स्पीड से काम किया और तीसरा इंजन भी जुड़ जाए तो विकास की स्पीड तीन से पांच गुजा हो जाएगी।

## शेर कभी कुत्तों का शिकार नहीं करता... प्रतागपढ़ में कुंडा विधायक राजाभैया ने विरोधियों पर साधा निशाना



विपक्षियों पर निशाना साधते हुए राजाभैया ने कहा कि शेर कभी शिकार करना नहीं छोड़ता। हां ये बात जरूर है की शेर कुत्तों का शिकार नहीं करता। राजाभैया ने कहा कि इस जनसभा में हजारों की संख्या में आपकी मौजूदगी बता रही है कि जनसत्ता दल को जनता खुले दिल से समर्थन कर रही है।यूपी में निकाय चुनाव के मतदान की तारीख जैसे जैसे नजदीक आ रही है वैसे वैसे सियासी दिग्गजों ने अपने प्रत्याशियों को जिताने में अपने अपनी ताकत झोंक दी है। कुंडा कस्बे के बजरंग डिग्री कॉलेज में आयोजित जनसभा में राजाभैया जमकर गरजे।विपक्षियों पर निशाना साधते हुए राजाभैया ने कहा कि शेर कभी शिकार करना नहीं छोड़ता।

हां ये बात जरूर है कि शेर कुत्तों का शिकार नहीं करता। कुंडा विधायक ने कहा कि इस जनसभा में हजारों की संख्या में आपकी मौजूदगी बता रही है कि जनसत्ता दल को जनता खुले दिल से समर्थन कर रही है। वहीं दूसरी ओर कुंडा में अन्य दलों की एक भी जनसभा नही हो सकी। इसका कारण है कि उनकी सभा में जनता जाना ही नहीं चाहती। ऐसे अवसरवादियों को जनता खुद जवाब दे रही है।

### सभा में उमड़ी भीड़ देख हुए गदगद

राजाभैया की जनसभा में उमड़े जनसैलाब के जोश को देखकर ये कहना गलत नहीं होगा कि मुकाबला एकतरफा है। वहीं दूसरी ओर सपा और भाजपा भी पूरी तरह ताकत झोंक रही है और प्रत्याशी अपनी अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। बहरहाल कुंडा का चुनाव खासा दिलचस्प हो चुका है। अब ये तो चुनाव परिणाम आने के बाद ही पता चलेगा की कुंडा की जनता किसके सिर जीत का सेहरा बांधती है।

# संपादकीय Editorial

## Recruitment auction house

Don't know how many more holes will emerge in the process of the selection commission, but at least it has become clear that the Congress government has unmasked this scam and closed the pigeon house of injustice forever. Has shown willingness to do so. Another staff selection test has ripped apart the ambition of employment. This time, the stains of leakage have come to the fore on the question paper of secretariat clerk recruitment. In the hands of the Special Investigation Team, the neck of the dhaba owner outside the Commission's office is telling to what extent the shamelessness of the exploits has been fearless. This gentleman was inhabited like the benami property of the Staff Selection Commission or the layers of paper leak cases are becoming so mysterious and bent on brokerage, after every investigation one has to chew fingers under the teeth. Layer by layer, in the parallels of the investigation that reached junior auditor, computer operator, art teacher, traffic inspector and secretariat clerk recruitment, it had been proved till now to what extent there were loopholes in the system of the commission and an organized gang became an auction house of recruitments. , was robbing the youth. Undoubtedly, in the case of paper leak, big and small are continuously coming under the grip of the police, but a long series of this crime has been receiving patronage from the system of the state. This patronage was also the kingpin of the police recruitment paper leak, so outside the selection commission was blindly accepting the system of 'paper leak'. In such a situation, the corruption going on for years on every recruitment and every window of every government job has now hurt the youth's faith, self-confidence, future dreams, ability and honest commitment. It is now an insult to even guess how much malpractices must have taken place in the results of each selection test. If one or the other appointment in every office is reaching through these routes, then the vicious circle of politics in the community of those who have access will be even more serious. Don't know how many times the earth will explode and every time the sighs of the youth will come out of it. Now also think that how many thieves and brokers are standing behind government jobs in Himachal. Those who still say that why the Sukhu government dissolved the Hamirpur Staff Selection Commission, they should know how many pots of sins are filled in the sacks of all the examination papers. Now it is a question of cleaning the recruitment examinations, so it is also the duty to make the whole system reliable again. It will depend on the recommendations of the Deepak Sanan Committee, which is looking into the ideal methods emanating from all the recruiting agencies of the country and the Central Commission, in what form and format the doors of the State Selection Commission are opened. Will return, but to walk on the path of dignity, work culture and honesty, the institute will have to give its own test in every upcoming examinations. Employee selection is not a figure of the achievements of any government, unless it becomes a measure of the needs of the state, there will be a river of apprehensions in every recruitment. It will also have to be seen when the state is able to create a new path by turning away from the recruitment paper leak cases. This campaign will not be completed only by the Sanan report or the reinstatement of the Selection Commission, but only on the basis of its independent and impartial functioning. For every such or central selection examinations in the state, the infrastructure of the state examination centers in Solan, Dharamshala, Hamirpur and Mandi will have to be developed and connected digitally with the Staff Selection Commission and other such institutions. Many examinations will be analyzed on a computerized basis.

# Sonam wants to steal this from Ananya and Sara, said- If I get this too...



Punjabi actress Sonam Bajwa has talked about Sara Ali Khan and Ananya Pandey in an interview. He said that both of them can go to Karan Johar's house and give audition. Sonam Bajwa is a well-known actress of Punjabi film industry. He worked in more than one hit films. Along with this, he has also worked in Bollywood. There are millions and millions of fans of his acting. The audience dies on his acts. Sonam Bajwa is in great demand among Punjabi as well as Hindi audience. Recently, during an interview, he spoke openly. She revealed that Sara Ali Khan and Ananya Panday have one such opportunity which she too would like to grab. Sonam Bajwa remains in discussions, recently when she was asked that if she had to steal something from Sara Ali Khan and Ananya Panday, what would she like to steal. In response to this question, Sonam has mentioned Karan Johar. Answering the question, Sonam first says that there is nothing like that. But then immediately after she speaks about Sara and Ananya that she can go to Karan Johar's house and give audition, discuss things. Sonam said that if she too gets to do this, she would definitely like to do it. Everyone knows this thing that both Ananya and Sara have made their own special identity in Bollywood on the basis of their hard work. Both have worked in more than one hit films. Kedarnath, which came in the year 2018, was Sara Ali Khan's first film. Ananya Panday's first film was Student Of The Year 2, which was produced by Karan Johar. Talking about Sonam Bajwa, apart from films, recently she was also a part of his US tour The Entertainers with Akshay Kumar. Mouni Roy and Disha Patani were also included in this tour. However, today Sonam has millions of fans. He has more than 99 lakh followers on Instagram.

# These Bollywood couples worked together even after breakup, films were hit at the box office

Apart from films in the Bollywood industry, the news of linkup and breakup of stars is also quite viral. Sometimes fans like the onscreen pair of a film so much that the audience wants to see them together in real life as well. In such a situation, sometimes this wish of the fans is fulfilled and some celebs hold each other's hand for life, but on the other hand, some stars react to the joining and breaking of their relationship, while some remain silent. I like it. Personal relationships of film stars may break but professional relationships do not matter. In today's article, we are going to tell you about those stars who have shared the screen together even after the breakup. So let's know. Salman Khan-Katrina Kaif - Bollywood's most popular pair i.e. Salman Khan and Katrina's pair used to make a lot of headlines among the fans at one time. However, their relationship did not last long and the two parted ways. Let us tell you that even after the breakup, both of them worked together in films. This couple was seen in the film 'Tier 3'. Ranbir Kapoor-Deepika Padukone - The pair of Ranbir Kapoor and Deepika Padukone will still be remembered by their fans. Ranbir and Deepika's relationship lasted for about two years. According to media reports, both came close to each other during the film 'Bachna E Haseeno'. However, both of them had a breakup after two years. Please tell that both had worked in films like 'Yeh Jawaani Yeh Deewani' and 'Tamasha'. Shahid Kapoor-Priyanka Chopra - The love story of Shahid Kapoor and Priyanka Chopra also comes in Bollywood's most popular love story. It is believed that both of them started loving each other during the film 'Kaminey', but later both of them broke up. After this both shared the screen space in the film 'Teri Meri Kahani'. Ranveer Singh-Anushka Sharma - The news of Bollywood actor Ranveer Kapoor and Anushka Sharma's affair had become quite viral at one point of time. Both have done many films together. Both never publicly accepted their relationship. Later, the news of their breakup also started surfacing. Let us tell you that Ranveer Singh and Anushka Sharma worked in the film 'Dil Dhadakne Do' after the breakup.





# गाय की लाचारी नहीं कोई सुनबाई



क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-मामला मुरादाबाद के नया मुरादाबाद का है जहाँ के रहने बाले राकेश शर्मा ने ईद से एक दिन पहले नया मुरादाबाद सेकटर-12 में नाले में गिरी गाय को सेकटर-13 कॉलोनी के निवासियो ने निकालकर उस घायाल बेसाहारा गाय का इलाज कराया उसघ्याल गाय का उपचार भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा और वहाँ के निवासियो द्वारा किया गया नाले में गिरने के कारण उस गाय की हालत काफी गंभीर थी उसको ठीक करने और उसे अपने पैरो पर खड़ा करने के लिए हर संभव प्रयास किया गया राकेश शर्मा द्वीरा उसके इलाज के लिए गौशाला , डॉक्टर व सामाजिक संगठनो से हर किसी से उस बेसाहारा गाय के उपचार के लिए गुहार लगायी पर किसी के तरफ से कोई सहायता प्राप्त नहीं हुई अंत में राकेश शर्मा ने पाकबाडा से डॉक्टर को बुलवाया ओर गाय के इलाज के लिए बोला उसके बाद पाकबाडा के डॉक्टर नवाब, आयुब, उमेश, नवाब और हकीम तुला के कहने पर गौशाला वालो से संपर्क किया पर गौशाला वालो से कोई सहायता प्राप्त नहीं हुई

अंत में नं-1962 पर कॉल की गयी और उन्होने 112 नंबर की गाड़ी भेजी उसके बाद उन्होने भी गौशाला वालो से संपर्क करने की कोशिश की पर कोई सहायता प्राप्त नहीं हुई गौशाला द्वारा माननीये योगी और मोदी जी के निर्देशो का पालान नहीं किया जा रहा है

# श्मशान और कब्रिस्तान की बात करती है भाजपा- संजय सिंह


मुरादाबाद- आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने कहा कि देश और प्रदेश की भाजपा सरकार श्मशान और कब्रिस्तान की बात करते हुए केवल ध्रुवीकरण का काम करती है। विकास और महंगाई पर कोई बात ही नहीं करना चाहती। हाथरस और उन्नाव जैसे कांड मौजूदा सरकार के



समय में हुए हैं। जिन्हें भुलाया नहीं जा सकता।मंगलवार को आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद संजय सिंह नगर में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने पार्टी से प्रत्याशी हज्जन नसीमा बेगम के लिए नगरवासियों से वोटों की अपील की। वह जनसभा में भीड़ देखकर गदगद हो गए। कहा कि अगर उनकी पार्टी का चेयरमैन बनता है तो नगर में हाउस टैक्स, पानी का बिल, पुराना टैक्स माफ कर दिया जाएगा।नगर पंचायत की एक अपनी एंबुलेंस नगर में मौजूद रहेगी। नगर के पानी को लेकर लाइन पर हो रहे जलभराव की निकासी का विशेष इंतजाम किया जाएगा। नगर में एक स्कूल भी बनवाया जाएगा, जिसमें बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी जाएगी। उन्होंने मौजूदा केंद्र और प्रदेश सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि 450 का सिलेंडर अब 1100 रुपये में मिल रहा है। सरसों का तेल जो 60 से बढ़कर 200 रुपये के करीब पहुंच चुका है। राज्य सभा सांसद ने कहा कि भाजपा केवल हिंदू, मुस्लिम की बात करते हुए आपस में लड़ाने का काम करती है। महंगाई पर कोई बात नहीं करना चाहती है। उन्होंने चेयरमैन पद प्रत्याशी के पति हाजी मोहम्मद यूसुफ उर्फ कल्लू प्रधान, मोहम्मद यूनुस के साथ भारी संख्या में समर्थकों के साथ नगर में मार्च किया।इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह, प्रांत अध्यक्ष इंजीनियर हैदर, जिलाध्यक्ष नजरुद्दीन मलिक, जिला प्रवक्ता हसन अरफी, महासचिव राशिद सैफी, रविन्द्र भाटिया, अनिल विशनोई, राहिल पाशा, मोहम्मद सलमान आदि उपस्थित रहे।

## तेज बारिश ने मतदान पार्टियों की रवानगी में डाला खलल



मुरादाबाद- नगर निगम सहित11 नगर निकाय में कल होने वाले मतदान के लिए बुधवार को मतदान पार्टियों की रवानगी में दोपहर में हुई तेज बारिश से परेशानी हुई। मतदान अधिकारी और कर्मचारी बारिश होने पर खुद से अधिक मतदान संबंधी प्रपत्रों को सहेजने में जुट गए। जो मतदान पार्टियां निकल चुकीं थीं उन्हें रास्ते में असुविधा हुई। वहीं बूथों पर कई जगह बारिश का पानी भरने से मतदान कार्मिकों को आने के रास्ते में जलजमाव की स्थिति बन गई। काले बादल से दिन में ही अंधेरे की स्थिति और तेज बारिश से महानगर की सड़कों पर आने जाने वाले भी छिपने के लिए जगह तलाशते रहे। दोपहिया वाहन चालकों को गाड़ी सड़क किनारे खड़ा कर दुकान और उसके आगे के हिस्से में खड़ा होने की नौबत आई।

## ईटीएम की खराबी ने अधिकारियों की उड़ाई नींद, रोडवेज सेवाएं बाधित होने से यात्री परेशान...प्रतिदिन लाखों का नुकसान



मुरादाबाद- ई टिकट मशीन में खराबी के चलते यूपी राज्य सड़क परिवहन निगम के अधिकारियों की समस्या प्रतिदिन बढ़ रही है। निकाय चुनाव और सहालग के कारण यात्रियों की संख्या में भी इजाफा हो रहा है। वहीं, अन्य जिलों से बसों की सेवाएं बाधित होने से यात्री परेशान हैं। इससे निगम को रोजाना लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है। वहीं, विभाग ने गैरहाजिर चल रहे चालक-परिचालकों व उनका बचाव करने वाले कर्मियों पर कार्रवाई करने के संकेत दिए हैं। रोडवेज परिक्षेत्र के आरएम व सभी एआरएम की ई टिकट मशीन की खराबी ने दिन का चैन व रातों की नींद उड़ा रखी है। सोमवार की सुबह चार बजे ही क्षेत्रीय प्रबंधक परवेज खां और सहायक प्रबंधक नरेश कुमार मुरादाबाद डिपो पर पहुंच गए। जहां बरेली, सीतापुर, शाहजहांपुर, लखनऊ, रायबरेली, पीलीभीत, हापुड़, मेरठ और गाजियाबाद जाने वाले यात्रियों की भीड़ लगी थी। यात्री गंतव्य को जाने के लिए परेशान थे। एआरएम नरेश कुमार ने बताया कि इन सभी जिलों से एक या दो बस ही आ रहीं हैं। वहीं यात्रियों की संख्या काफी है। यात्रियों को सुविधा देने को चालक-परिचालकों की छुट्टियां भी रद्द कर दी गईं हैं। कुछ संविदा चालक और परिचालक जो बिना बताए गैर हाजिर चल रहे हैं। उन पर कार्रवाई की जा रही है। ऐसे 09 चालक और 34 परिचालकों की संविदा समाप्त की जा रही है। ई टिकट मशीन का डाटा हैक होने से रोडवेज सेवाओं में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। चालक-परिचालकों से अतिरिक्त सेवाएं ली जा रही हैं। चुनाव में बसों के जाने से समस्या बढ़ गई है। हालांकि दो दिन में ईटीएम चालू हो जाएगी।- परवेज खां, क्षेत्रीय प्रबंधक मुरादाबाद रोडवेज

# घरों में काम कर मां ने दी दो लाख रिश्वत, थमाई फर्जी सेना की वर्दी और आईकार्ड, चार पर मुकदमा

लवकुश ठाकुर

क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- महिला ने घरों में काम कर, जेवरात गिरवी रख दो लाख नौकरी लगाने के लिए दिए। बेटे को सेना की फर्जी वर्दी व आईकार्ड थमा दिया। खुद बेटे को जब इस फर्जीवाड़े की जानकारी हुई तो उसने अपनी मां व बहन को पूरा वाकया बताया। अलीगढ़ महानगर के बन्नादेवी क्षेत्र के एलमपुर आवासीय कालोनी में रहने वाली विधवा महिला ने बेटे की नौकरी के नाम पर अपने जेवरात गिरवी रख दो लाख रुपये रिश्वत दी। मगर बेटे को फर्जी तरीके से सेना की वर्दी और आईकार्ड थमा दिया। जब यह भेद खुला तो घरों में काम करने वाली महिला के पैरों तले जमीन खिसक गई। अधिकारियों की दर पर ठोकर खाने के बाद अब आकर महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज हुआ है। जिसमें दिल्ली के कथित सेना अफसर दंपती सहित चार आरोपी बनाए गए हैं। महिला गायत्री देवी की ओर से यह मुकदमा दर्ज कराया गया है। जिसमें आरोप है कि उसके पति हरिओम की मौत के बाद वह घरों में काम कर परिवार का पालन करती है। घर में बेटी खुशबू के अलावा दसवीं पास बेटा शानू है। बेटी की स्कूली सहेली पथरवारी बरौला की ललिता उर्फ लाव्या एक दिन अपने जीजा अजय चौहान निवासी डी ब्लाक सेक्टर-1 रोणिही-7 दिल्ली को सेना में सीओ व अग्निवीर का भरती अधिकारी बताते हुए कहा कि वह शानू की अग्निवीर के तहत सेना में नौकरी लगवा सकती है। इस पर महिला के मन में लालच आ गया और उसने ललिता के बहनोई से बात की। उस तरफ से दो लाख रुपये की रिश्वत के बदले तीन माह में नौकरी का वायदा किया गया।

इसी क्रम में सबसे पहले एडवांस में 50 हजार रुपये दिए गए। फिर आधार कार्ड में शानू का पता दिल्ली का दर्शाने की ऐवज में 10 हजार, सत्यापन के नाम पर 15 हजार, ट्रेनिंग व वर्दी के नाम पर 10 हजार सहित कई बार में कुल दो लाख रुपये लिए गए। यह पूरी रकम महिला ने बेटे की नौकरी के मकसद से अपने जेवर गिरवी रख दी। यह रकम उसने स्वयं सहायता समूह से गिरवी के बदले ऋण पर ली। इसके बाद बेटे को सेना की फर्जी वर्दी व आईकार्ड थमा दिया। खुद बेटे को जब इस फर्जीवाड़े की जानकारी हुई तो उसने अपनी मां व बहन को पूरा वाकया बताया। बाद में अजय व उसकी साली से कहा गया तो वे धमकाने लगे। मामले में अधिकारियों से शिकायत की गई। किसी तरह एसएसपी के निर्देश पर प्रकरण में ललिता, उसके जीता अजय चौहान, अजय की पत्नी चंचल, ललिता के पिता सुभाष पर ठगी का मुकदमा दर्ज कराया है। जिसमें आरोप है कि इनके इस कृत्य की वजह से पूरा परिवार कर्ज में डूब गया है। इंस्पेक्टर बन्नादेवी ने मुकदमे पुष्टि की।

# कुत्तों के बाद अब बंदर हो रहे खूंखार, बच्चों एवं महिलाओं पर कर रहे हमला, नगर निगम-वन विभाग लाचार

लवकुश ठाकुर

क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ-चाहे बस अड्डा हो या गली, मोहल्ला और सोसाइटी बंदरों के बड़े-बड़े झुंड हैं। आलम यह है कि बंदरों के हमलों से रोजाना 20 से 30 लोग उपचार कराने अस्पताल पहुंच रहे हैं। अलीगढ़ जिले भर में बंदरों का खौफ बढ़ रहा है। जिला अस्पताल, देहात में सीएचसी एवं पीएचसी पर एंटी रैबीज के इंजेक्शन लगवाने वाले मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। रोजाना बंदर किसी न किसी पर हमला बोलकर घायल कर रहे हैं। लोग परेशान हैं। चाहे बस अड्डा हो या गली, मोहल्ला और सोसाइटी बंदरों के बड़े-बड़े झुंड हैं। आलम यह है

कि बंदरों के हमलों से रोजाना 20 से 30 लोग उपचार कराने अस्पताल पहुंच रहे हैं। शहरवासी बंदरों के काटने के मामले की शिकायत लेकर नगर निगम तो कभी वन विभाग के पास जा रहे हैं, लेकिन लोगों को राहत नहीं मिल रही। बंदर खासकर बच्चों एवं महिलाओं पर हमला बोलकर उन्हें घायल कर रहे हैं। इससे पीड़ितों को इलाज के लिए अस्पतालों में भटकते हुए देखा जा सकता है। बंदरों के डर से लोगों ने अकेले घर से बाहर निकलना तक बंद कर दिया है। जिले में बंदरों की बढ़ती संख्या चिंता का विषय है। नगर निगम एवं प्रशासनिक अफसर शिकायतों के बाद भी बंदरों से निजात नहीं दिला पा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि छोटे बच्चों को वे लोग घर से बाहर नहीं निकलने देते हैं और स्कूल भी साथ छोड़ने जाते हैं।

महिलाओं के अनुसार बंदर कभी भी और कहीं भी बच्चों पर हमला कर देते हैं। बंदर इतने निडर हो चुके हैं कि घर के आंगन और छत के साथ-साथ कमरे के अंदर भी घुस जाते हैं और अकेला देखकर बच्चों पर हमला कर देते हैं। इससे इलाज में काफी रुपये खर्च हो रहे हैं।

### देहात क्षेत्र में बंदरों के आतंक से लोग परेशान

बंदरों का आंतक शहर में ही नहीं प्रमुख कस्बों एवं गांवों तक जा पहुंचा है। जिले के कस्बा जट्टारी, टप्पल, पिसावा, चंडौस, गभाना, वीरपुरा, खैर, बरौली, कासिमपुर, जवां, हरदुआगंज, अतरौली, पालीमुकीमपुर, छर्रा, इगलास, गोरई, अकराबाद, गोंडा आदि के अलावा कई गांवों में बंदरों का आतंक देखने को मिल रहा है। सामान छीनने के दौरान होते हैं हमलावर -बंदरों के ज्यादातर हमले लोगों से सामान छीनने के लिए होते हैं। बंदरों के लोगों से सामान छीनने के पीछे की एक बड़ी वजह है कि उनके खाने-पीने और रहने की कोई व्यवस्था नहीं है। शहर के सासनीगेट, धनीपुर मंडी, एटा चुंगी, विकास नगर, अचलताल, विकास नगर, खिरनीगेट, मदारगेट, रावण टीला, सुरेंद्र नगर, दुबे का पड़ाव, रामघाट रोड, किशनपुर तिराहा, ऊपरकोट, देहलीगेट, महावीरगंज, बारहद्वारी, रघुवीरपुरी, रामघाट रोड, एडीए कॉलोनी, ज्ञानसरोवर, मानसरोवर, निधिवन कॉलोनी आदि कॉलोनियों में बंदरों का खौफ कुछ ज्यादा है। इन इलाकों में बंदरों के डर से लोगों ने घरों से अकेले बाहर तक निकलना बंद कर दिया है। वन विभाग के भरोसे नगर निगम बंदरों के आतंक से निजात दिलाने को नगर निगम वन विभाग के भरोसे बैठा है। बंदरो को पकड़कर जंगल में छोड़ने का काम वन विभाग का है। इसके लिए वन विभाग को कई बार पत्र भी लिखा गया है। - एहसान रब, जनसंपर्क अधिकारी, नगर निगम हमने कुछ दिन पहले सर्वे कराया था, जिले में बंदरों की संख्या 10 हजार से अधिक है। नगर निगम को बंदरों को पकड़ने के लिए अनुमति दी जाएगी। बंदरों को पकड़ने में वन विभाग, नगर निगम की पूरी सहायता करेगा। -दिवाकर कुमार वशिष्ठ, प्रभागीय वन निदेशक बंदरों के हमले में गई जान 27 फरवरी 2020- देहलीगेट के इंद्रा नगर में छत पर काम रहे मजदूर की गिरकर मौत। 27 जुलाई 2022- खैर के मोहल्ला फत्ते नगला में महिला की छत से गिरकर मौत। 01 जनवरी 2022- गांधीपार्क इलाके के नगला मानसिंह में मासूम गंभीर रूप से घायल। 15 जनवरी 2022- क्वार्सी क्षेत्र के कोछोंड़ में बच्ची गंभीर रूप से घायल। 22 जनवरी 2023-कोतवाली ऊपरकोट में ताला कारोबारी की तीन मंजिला मकान से गिरकर मौत। 02 मई 2023- जलाली में अधिवक्ता सुभाष चंद्र शर्मा की मौत। बंदरों का खौफ इस कदर बढ़ गया है कि बच्चों का खास ध्यान रखना पड़ता है कि वे कहीं गली में या छत पर अकेले न चले जाएं। बंदरों से बहुत डर हो गया है। बंदरों के डर के चलते घर को बंद करके रखना पड़ता है। घर खुला देखते ही बंदर घुस आते हैं और घरेलू सामान को भी नुकसान पहुंचाते हैं।। बंदरों के खौफ के चलते छत पर कपड़े, जूते, दाल आदि सुखाना भी मुश्किल है। कपड़ों को उठाकर ले जाते हैं और उन्हें फाड़ कर फेंक आते हैं। -आशु ठाकुर सुरेंद्र नगर बंदरों के उत्पात से पिछले कई महीने से छत पर भी नहीं गईं। बंदरों का झुंड हर वक्त छत पर बैठा रहता है। इससे डर लगता है। पप्पू ठाकुर, सुरेंद्र नगर

बंदरों के हमले में छत से गिरकर अधिवक्ता की मौत

थाना हरदुआगंज के कस्बा जलाली में बंदरों के हमले में छत से गिरकर अधिवक्ता एवं अमर उजाला के हमराही की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। कस्बा जलाली स्थित मोहल्ला अमीर निवासी 71 वर्षीय वरिष्ठ अधिवक्ता सुभाष चंद्र शर्मा वकालात के पेशे के साथ ही लंबे समय से अमर उजाला के हमराही थे।सुबह करीब छह बजे मकान की छत पर कुछ बंदर उत्पात मचा रहे थे। जिन्हें भगाने के लिए अधिवक्ता छत पर पहुंचे। तभी बंदर हमलावर हो गए। हमले से बचने के प्रयास में वे नीचे जा गिरे। सिर में गंभीर चोट आने पर परिजन उन्हें अलीगढ़ के निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। वरिष्ठ अधिवक्ता ने अपने पीछे पत्नी रामवती शर्मा, बेटे जितेंद्र शर्मा एवं वैज्ञानिक राहुल शर्मा समेत पूरे परिवार को रोता बिलखता छोड़ा है। सुबह उनका पैतृक स्थान जलाली स्थित शमशान में अंतिम संस्कार किया

## व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के लिए मतगणना स्थल का निरीक्षण




निशाकांत शर्मा

क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कासगंज-नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 को सम्पन्न कराए जाने व कानून व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी हर्षिता माथुर एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित द्वारा कासगंज क्षेत्र अंतर्गत मंडी समिति में मतगणना स्थल का निरीक्षण करते हुए संम्बंधितों को आवश्यक निर्देश दिए , साथ ही इन दोनों अधिकारियों ने सहावर ,अमांपुर क्षेत्रांतर्गत भ्रमण के दौरान विभिन्न संवेदनशील बूथों पर जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। क्षेत्राधिकारी सहावर राजू निषाद थाना प्रभारी सहावर वह अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद मौजूद थे जिन्हें आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

## सात वार्डों में सभासद पद के लिए चुनाव होगा रोचक

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-नगर पालिका परिषद में 25 वार्ड है। वार्ड संख्या छह और 16 में निर्विरोध सभासद चुन लिए गए। शेष 23 वार्डों में नौ वार्ड है जहां पर चुनाव अधिक रोचक है। क्योंकि इन वार्डों में प्रत्याशियों की संख्या दो और तीन ही है। ऐसे में चुनाव एक पर एक का हो गया है। हर प्रत्याशी अपनी-अपनी वादे कर मत के लिए अपील कर रहा है। पिछले चुनावों की अपेक्षा इस बार के वार्डों में प्रत्याशी संख्या कम है। इस 25 वार्डों में मात्र 114 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। वार्ड संख्या छह में और वार्ड 16 का चुनाव हो चुका है। यहां पर एक-एक प्रत्याशी होने के कारण निर्विरोध सभासद चुन लिए गए। इनको प्रमाण पत्र भी जारी कर दिए गए है। अब बचे हुए वार्डों में चुनाव रोचक हो गया है। जहां पर प्रत्याशियों की संख्या तीन है अथवा तीन से भी कम है। वहां पर चुनाव जीतने के लिए एडी चोटी का जोर लगा दिया गया है। कुछ वार्ड ऐसे हैं जहां पर पार्टी से टिकट मांगी गई थी, लेकिन उन्हें टिकट नहीं मिली। ऐसे में वह अपनी ही पार्टी प्रत्याशी के सामने की निर्दलीय खड़े होकर चुनाव लड़कर पार्टी के लिए परेशानी खड़ी कर रहे हैं। दलीय प्रत्याशी अपने वोट के साथ अध्यक्ष पद के वोट के लिए भी प्रयास कर रहा है। इन वार्डों में पार्टी के बड़े-बड़े पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि भी हस्तक्षेप कर रहे है। इससे वार्ड के सभासद को सफलता मिल सके। बागी प्रत्याशी है वह भी अपने ही दल के दूसरे पदाधिकारियों से चुनाव प्रचार कर चुनाव में जीत का दावा कर रहा है। यही बागी दलीय प्रत्याशियों के लिए मुसीबत बने हुए है।

## रथयात्रा में उमड़ा समर्थकों का हुजूम, प्रत्याशी के पक्ष में की वोट की अपील

### भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में मारहरा में निकली विजय रथयात्रा



योगेश मुदगल
क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- बुधवार को कस्बा में भाजपा की विजय रथयात्रा निकाली गई। रथयात्रा में पार्टी समर्थकों का हुजूम उमड पडा। इस दौरान उन्होने कस्बा में भृमण कर लोगों से भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में वोट की अपील की। रथयात्रा का शुभारम्भ कस्बा के मिरहची रोड स्थित एस्सार पेट्रोल पम्प से मारहरा विधायक वीरेन्द्रसिंह लोधी के नेत्रत्व में किया गया। यहां सैकडों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक अपनी- अपनी बाइकों पर इकठ्ठा हुए। वहां से हाथों में भारतीय जनता पार्टी की झंडियां थामकर लोगों ने पार्टी जिंदाबाद के जमकर नारे लगाये। यह विजय यात्रा समूचे कस्बा के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई वापस पंप पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। इस दौरान मारहरा नगर पालिका परिषद से अध्यक्ष पद की उम्मीदवार राजनश्री ने गाडी में सवार होकर समर्थकों के साथ लोगों के हाथ जोडकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर प्रत्याशी पति विजयसिंह टाईगर, अरविंद गोयल, संतोष चैहान, राहुल भारद्वाज, टीटू गुप्ता, रामदास लोधी, सकलेन कुरैशी, इलियास कुरैशी, मुकेश लोधी, अशोक सक्सेना, दलवीरसिंह लोधी, नेमसिंह लोधी, मुकेश राजपूत, जयहिंद प्रकाश गुप्ता, अजेंद्रसिंह एडवोकेट, अर्पित गुप्ता, चेतन गुप्ता, राहुल साहू आदि मौजूद रहे।

## पीलीभीत में सपा को बड़ा झटका, भाजपा में शामिल हुए पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा



सपा सरकार में राज्यमंत्री रहे हेमराज वर्मा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए हैं। उन्होंने लखनऊ स्थित भाजपा कार्यालय पर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। हेमराज वर्मा बरखेड़ा विधानसभा सीट से विधायक रह चुके हैं। पीलीभीत में निकाय चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी (सपा) को बड़ा झटका लगा है। सपा सरकार में राज्यमंत्री रहे हेमराज वर्मा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए हैं। बुधवार को लखनऊ स्थित भाजपा कार्यालय में पार्टी प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा को पार्टी की सदस्यता दिलाई। निकाय चुनाव से पहले भाजपा में उनका जाना सपा के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। सात मुकदमे दर्ज हुए, पांच खत्म- वर्मा के खिलाफ सात मुकदमे दर्ज हुए, जिसमें से पांच मुकदमे खत्म हो गए। अभी दो मामले अदालतों में विचाराधीन हैं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक सफर में मुकदमे तो दर्ज होते रहते हैं, जब विपक्ष की सियासत करते हैं तो मुकदमे तो हो ही जाते हैं। भाजपा ज्वाइन करने का मुख्य मकसद देश और प्रदेश के विकास में योगदान देना है। मुकदमों से इनका कोई लेना देना नहीं। हेमराज वर्मा ने कहा कि भाजपा एक ऐसा राजनीतिक दल है, जिसमें आंतरिक लोकतंत्र आज भी कायम है। काम करने वालों को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की वजह से देश और प्रदेश की कानून व्यवस्था बेहतर हुई है। विकास के लिए रास्ते खुल गए हैं।

## प्राचार्य राजेश कुमार को दी गई शानदार एवं भावभीनी विदाइ

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच



लुधियाना -लुधियाना - सरकारी सीनियर सेकंडरी स्मार्ट स्कूल बस्ती जोधेवाल के उत्कृष्ट प्राचार्य राजेश कुमार शिक्षा विभाग में 38 वर्ष की अपनी शानदार सेवाएं प्रदान करने के बाद सेवानिवृत हो गए हैं। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ तथा विद्यार्थियों द्वारा प्राचार्य को शानदार एवं भावभीनी विदाई दी गई और उनके भावी जीवन के लिए उनको शुभकामनाएं दी गईं। इस विद्यालय में अपने 13 साल के कार्यकाल में उन्होंने पूरी निष्ठा और समर्पित भावना से अपनी जिम्मेदारी निभाई।अपने अथक प्रयासों, उचित मार्गदर्शन और प्रोत्साहन द्वारा विद्यालय को सफलता की बुलंदियों तक पहुंचाया। विद्यालय उनके सराहनीय कार्यों को कभी नहीं भुला सकता। इस अवसर पर नरेश कुमार (प्राचार्य, स्कूल सेखेवाल), जसविंदर सिंह (प्राचार्य, स्कूल इंद्रापुरी), यशपाल सिंह (लेक्चरर इंग्लिश), समस्त अध्यापक गण तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।

## श्री गुरु अमरदास जी की जयंती को समर्पित कीर्तन कार्यक्रम का किया आयोजन



सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच

लुधियाना - गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा मॉडल टाउन एक्सटेंशन में गुरु दशमेश सेवा सोसाइटी द्वारा श्री गुरु अमर दास जी की जयंती को समर्पित एक कीर्तन समारोह का आयोजन कल शाम गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा मॉडल टाउन एक्सटेंशन में किया गया । भाई सतनाम सिंह बांका हजूरी रागी सचखंड श्री दरबार साहिब अमृतसर साहिब उन्होंने गुरबाणी का जाप कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। उन्होंने गुरुद्वारा साहिब प्रबंधन कमेटी और गुरु दशमेश सेवा सोसाइटी द्वारा आयोजित कीर्तन कार्यक्रम को शिक्षाप्रद कार्यक्रम बताया और श्रद्धालुओं से धर्म के मार्ग पर चलने और बाणी और बानी के वाहक बनने का आग्रह किया। कीर्तन समारोह में गुरुद्वारा साहिब के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह मक्कड़, गुरु दशमेश सेवा सोसायटी के प्रमुख सदस्य इंदरबीर सिंह बत्रा, हरपाल सिंह बत्रा, गुरदीप सिंह डेमार्टे, राजिंदर सिंह डांग, मनजीत सिंह नाटी, गुरबचन सिंह, हरपाल सिंह खालसा, प्रेम सिंह, अवतार सिंह मिट्ठु, दविंदर सिंह बिट्टू, हरचरण सिंह कालड़ा, कवलप्रीत सिंह सोढ़ी, चरणजीत सिंह चन्ना, इंद्रजीत सिंह छाबड़ा, विजय कुमार सूद, जगजीत सिंह आहूजा, जगदेव सिंह कलसी, बलजीत सिंह बावा, अवतार सिंह बीके आदि मौजूद रहे।

## 47 केंद्रों पर एक माह बाद भी नहीं खुला गेहूं खरीद का खाता



निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-किसानों का गेहूं सरकारी समर्थन मूल्य पर खरीदने के लिए जिले में बनाए गए 83 गेहूं क्रय केंद्र में से 47 केंद्रों पर अब तक गेहूं खरीद का खाता भी नहीं खुल सका है। जबकि केंद्र प्रभारी खरीद लक्ष्य पूरा करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी नंद किशोर ने बताया कि जिले में बनाए गए 83 गेहूं क्रय केंद्र में से 36 क्रय केंद्रों पर ही 130 किसानों से 4563 कुंतल गेहूं की खरीद की जा सकी है। उन्होंने बताया कि गल्ला मंडी का भाव क्रय केंद्रों के भाव से अधिक होने के कारण किसान क्रय केंद्रों पर गेहूं बेचने में रुचि नहीं दिखा रहे है। खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि खाद्य विभाग के पांच क्रय केंद्रों में से सभी पर गेहूं खरीद हो चुकी है। इसी प्रकार पीसीएफ के 41 में से 20 केंद्रों पर खरीद हो गई है। यूपीएसएस के 11 में से तीन केंद्रों पर खरीद हुई है। वहीं पीसीयू के 24 में से आठ केंद्रों पर गेहूं खरीदा गया है। भारतीय खाद्य निगम के दोनों केंद्रों पर अब तक खरीद नहीं हुई है। यह भी बताया कि 15 जून तक 76 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य मिला है। उसे पूरा करने में केंद्र प्रभारी एड़ी चोटी का जोर लगा रहे है। फिर भी किसान गेहूं बेचने से कतरा रहे है।

## केसीएमटी के चार विद्यार्थियों को अच्छे पैकेज के साथ मिला जॉब




क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली।खण्डेलवाल कॉलेज बरेली से पाठ्क्रम-एम.बी.ए. के चार विद्यार्थी गुलफ्शा, ऋतु भारद्वाज, राज प्रताप सिंह, समीर सक्सेना ''फिनोफाई महाराष्ट्र'' में चार लाख पचास हजार रूपये के वार्षिक पैकेज के साथ चयनित हुये विद्यार्थीयों को भारत की नामचीन कम्पनी में जॉब करने का अवसर मिला है। इस मौके पर प्रबन्ध निदेशक डा. विनय खण्डेलवाल ने कहा कि केसीएमटी हमेशा विद्यार्थियों को अच्छे रोजगार देने के लिए प्रयास करता है। वर्ष में कई बार कैंपस प्लेसमेंट की व्यवस्था संस्थान में की जाती है जिसमें भारत की अच्छी कंपनियों में यहां के विद्यार्थियों को जॉब करने का अवसर मिलता है जिसके लिए प्लेसमेंट टीम बधाई की पात्र है। सभी चयनित विद्यार्थीयो ंको महानिदेशक डा. अमरेश कुमार द्वारा बधायी दी गयी।

## रिठौरा के पोलिंग बूथ अति संवेदन शील

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली।रिठौरा।नगर पंचायत अध्यक्ष एवं सभासद पद के चुनाव की सरगर्मियां तेज़ हो गई हैं। हालांकि चुनाव में अभी आठ दिन शेष हैं।सभी दलों के नेता अपने-अपने पक्ष में चुनाव को जनता से मिलकर अपने पक्ष में मत करने की अपील कर रहे हैं। वहीं पुलिस प्रशासन लगातार अतिसंवेदनशील पोलिंग बूथों के आस -पास रहने वाले खुराफातियों एवं हिस्ट्रीशीटरों तथा पूर्व में हुए चुनावों के दौरान माहौल बिगाड़ने वालों की तलाश में सरगर्मियां जुटी है।नगर का प्राथमिक विद्यालय रिठौरा एवं खाता तथा सुशीला नत्थू लाल जूनियर हाईस्कूल अतिसंवेदनशील श्रेणी में है।

## न्यायालय में विचाराधीन ज़मीन पर स्थानीय प्रशासन की अनदेखी के चलते खुर्द-बुर्द शुरू

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली-थाना भुता के गांव केसरपुर की शब्बीरन पत्नी मुंशी ने बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती प्रार्थनापत्र में आरोप लगाया है।खसरा नम्बर 174 आपसी बंटवारे की जमीन को लेकर शब्बीर के साथ न्यायालय में परिवाद चल रहा है।जिसकी अगली सुनवाई आठ भी को होनी है। लेकिन स्थानीय पुलिस प्रशासन की अनदेखी के चलते उक्त जमीन में खुर्द-बुर्द करने में लगा। पीड़िता ने न्याय की गुहार लगाई है।

## सुनहरी नगर पार्क के सामने एक अवैध मजार का निर्माण कराया जा रहा



निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-विश्व हिन्दू परिषद के विभागाध्यक्ष अरविन्द सिंह चौहान ने बताया कि आज सुनहरी नगर पार्क के सामने एक अवैध मजार का निर्माण कराया जा रहा था जिसकी सूचना स्थानीय लोगों द्वारा विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारियों को दी गई तो विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारी तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे तथा वहां जाकर देखा तो अवैध निर्माण हो रहा था।इसकी सूचना तत्काल कोतवाली नगर इंस्पेक्टर डां सुधीर कुमार राघव को दी गई तो वह मय फोर्स के घटनास्थल पर पहुंच गए तथा सीओ सिटी एसडीएम सदर भी घटनास्थल पर पहुंचे तथा बन रही अवैध निर्माण मजार को ध्वस्त कराया गया तथा आगे से इस तरीके का अवैध निर्माण न कराया जाए इसके लिए सख्त आदेश दिए गए।

## जल जीवन सर्वेक्षण मे श्रावस्ती को मिला द्वितीय स्थान

लंकीन प्रसाद वर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने बताया है कि भारत सरकार द्वारा 21 अक्टूबर, 2022 को जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत ''जल जीवन सर्वेक्षण-2023'' का शुभारम्भ किया गया था। जिसमें भारत के सभी जनपदों में प्रतिस्पर्धा बनाये रखने के लिए मासिक एवं त्रैमासिक रैंकिंग जारी की जाती है। रैंकिंग हेतु कई पैरामीटर तय किये गये है, जैसे घरेलु गृह संयोजन, वाटर क्वालिटी एवं संस्थागत व्यवस्था आदि शामिल है।उन्होने बताया है कि जनपद श्रावस्ती के लिए यह गर्व की बात है जनपद श्रावस्ती पूरे भारत में माह अप्रैल,2023 में ''सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जिले'' द्वितीय स्थान पर रहा है तथा '' जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत लगे सभी अधिकारियों/कर्मचारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को बधाई देते हुए निर्देशित किया है कि वे अपनी व्यक्तिगत रूचि लेकर जल जीवन मिशन कार्यक्रम को तेजी से आगे बढ़ाये, ताकि इस जनपद का ग्राफ और बढ़ाया जा सके।

## तीन शातिर अपराधियों पर हुई गैंगेस्टर की कार्यवाही

अरविन्द कुमार यादव
क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती प्रभारी निरीक्षक रामपाल यादव थाना मल्हीपुर मय पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण 1.अनिल कुमार उर्फ लल्लन पुत्र रामशंकर निवासी (बांसगढ़ी) जमुनहा बाजार थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती 2. प्रमोद बहेलियां पुत्र मोचन बहेलिया निवासी बांसगढ़ी दाखिला फतेहपुर बनगई थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती 3. दिनेश निषाद पुत्र फकीरे निषाद निवासी दयाली दा0 फतेहपुर बनगई थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती के विरुद्ध धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही की गयी। इनका एक संगठित गिरोह है । जिसका लीडर अनिल कुमार उर्फ लल्लन है। अभियुक्तगणों द्वारा आर्थिक/भौतिक व दुनियावी लाभ के लिए नेपाल राष्ट्र से अवैध रूप से नेपाली शराब की तस्करी कर भारत राष्ट्र में लाकर अवैध रूप से बिक्री कर धन अर्जित करने का अपराध कारित किया जा रहा है।

## ट्रैक्टर ट्राली ने सो रहे पति पत्नी को रौंदा पति की मौके पर मौत पत्नी गंभीर घायल

प्रेमचंद जायसवाल -क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- श्रावस्ती थाना मल्हीपुर के अंतर्गत वीरगंज बाजार में मिट्टी खनन कर आ रही ट्रैक्टर ट्राली रात में अनियंत्रित होकर सो रहे पति पत्नी को रौंदा मौके पर पति की मृत्यु हो गई और पत्नी घायल हो गई जिसका इलाज जिला चिकित्सालय भिंगा में चल रहा है हालत गंभीर बनी हुई है । ट्रैक्टर ट्राली मिट्टी लादकर आ रहा था सड़क के पटरी के किनारे घर के सामने बीरगंज निवासी चंद्रिका प्रसाद गुप्ता पुत्र राम फेरन गुप्ता की औरत सो रही थी सोते समय गाड़ी अनियंत्रित होकर रौंद दिया और मौके पर चंद्रिका प्रसाद गुप्ता पुत्र राम फेरन गुप्ता की मौत हो गई मौके से ट्रैक्टर ट्राली खड़ा करके चालक फरार हो गया थाना मल्हीपुर की पुलिस सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंचकर ट्रैक्टर ट्राली को थाने पर ले आई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जबकि चंद्रिका प्रसाद के पत्नी का हाथ टूट गया ट्रैक्टर चढ़ जाने से जिसका इलाज जिला चिकित्सालय भिंगा में चल रहा है इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक मल्हीपुर के रामपाल यादव से जानकारी लेने पर बताया गया की शव को कब्जे मे ले कर पोस्टमास्म के लिए भेज दिया गया है